इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 1] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 3 जनवरी 2014—पौष 13, शक 1935

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं. (2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुर:स्थापित विधेयक, (ख)(1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम, (ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 9 दिसम्बर 2013

क्र. ई.-1-71-2013-5-एक .—(1) इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 7 नवम्बर 2013 द्वारा श्रीमती स्नेहलता कुमार, भाप्रसे (1979) वि.क.अ.-सह-आवासीय आयुक्त, मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली की सेवायें भारत सरकार में प्रतिनियुक्ति पर सौंपे जाने के फलस्वरूप आवासीय आयुक्त, मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली का प्रभार श्री शैलेन्द्र सिंह, भाप्रसे (1988) विशेष आयुक्त (समन्वय) मध्यप्रदेश नई दिल्ली को, अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अतिरिक्त रूप से, आगामी आदेश तक सौंपा गया था.

(2) उपरोक्त आदेश में संशोधन करते हुए, अब राज्य शासन आवासीय आयुक्त, मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली का प्रभार श्री शैलेन्द्र सिंह, भाप्रसे (1988) विशेष आयुक्त (समन्वय) मध्यप्रदेश नई दिल्ली के स्थान पर श्री आई. सी. पी. केसरी, भाप्रसे (1988) वि. क. अ. सामान्य प्रशासन विभाग, (आवासीय आयुक्त कार्यालय में संलग्न) मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली को, अपने वर्तमान कर्त्तव्यों के साथ-साथ, अतिरिक्त रूप से आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

क्र. ई.-5-919-आयएएस-लीव-5-एक .—(1) डॉ. जे. विजय कुमार, आयएएस., सहायक कलेक्टर, जिला सागर को दिनांक 10 से 19 दिसम्बर 2013 तक दस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर डॉ. जे. विजय कुमार को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न सहायक कलेक्टर, जिला सागर के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2014.

(3) अवकाशकाल में डॉ. जे. विजय कुमार को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि डॉ. जे. विजय कुमार अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 10 दिसम्बर 2013

क्र. ई.-1-321-2007-5-एक.—(1) भारत सरकार, कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक 13017-51-2007-AIS-(I), दिनांक 26 सितंबर, 2008 द्वारा श्री नरेन्द्र बहादुर सिंह राजपूत, भाप्रसे (OR:1999) की सेवाएं 3 वर्ष के लिए अंतः संवर्गीय प्रतिनियुक्ति पर उड़ीसा संवर्ग से मध्यप्रदेश संवर्ग को सौंपी गई थी.

(2) तत्पश्चात् भारत सरकार, कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक 13017-51-2007-AIS-(I), दिनांक 27 जुलाई, 2011 द्वारा श्री राजपूत की अंतः संवर्गीय प्रतिनियुक्ति में 2 वर्ष की वृद्धि की गई. श्री नरेन्द्र बहादुर सिंह राजपूत, भाप्रसे (OR:1999) अपर आयुक्त, भू-अभिलेख एवं बंदोवस्त, मध्यप्रदेश ग्वालियर की उक्त अंतः संवर्गीय प्रतिनियुक्ति की अवधि दिनांक 3 नवम्बर 2013 को पूर्ण हो चुकी है.

(3) अतः राज्य शासन एतद्द्वारा श्री नरेन्द्र बहादुर सिंह राजपूत, भाप्रसे (OR:1999) अपर आयुक्त, भू-अभिलेख एवं बंदोवस्त मध्यप्रदेश ग्वालियर को उनके मूल संवर्ग उड़ीसा संवर्ग में कार्यभार ग्रहण करने के लिए तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त करता है.

क्र. ई.-1-368-2013-5-एक.—श्री मनीष सिंह, भाप्रसे (1997) सचिव, मध्यप्रदेश शासन, जल संसाधन विभाग तथा परियोजना संचालक, विश्व बैंक परियोजना क्रियान्वयन इकाई (पीआईसीयू) तथा संचालक, वाल्मी तथा मिशन संचालक, लघु सिंचाई एवं कृषि की सेवायें भारत सरकार कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को वित्त मंत्रालय के अंतर्गत निदेशक, आर्थिक मामलों का विभाग, के पद पर 05 वर्ष हेतु नियुक्ति के लिए सौंपी जाती है.

भोपाल, दिनांक 11 दिसम्बर 2013

क्र. ई.-5-409-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री एस. आर. मोहन्ती, भाप्रसे (1982) विकअ-सदस्य सचिव, राज्य योजना आयोग एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग तथा नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा तथा विकअ-आयुक्त नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा म.प्र. एवं प्रबंध संचालक, ऊर्जा विकास निगम को दिनांक 11 से 13 दिसम्बर 2013 तक तीन दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 14, 15 दिसम्बर 2013 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) श्री एस. आर. मोहन्ती की अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री मोहम्मद सुलेमान, भाप्रसे, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन ऊर्जा विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री एस. आर. मोहन्ती को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न विकअ-सदस्य सचिव, राज्य योजना आयोग एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग तथा नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा तथा विकअ - आयुक्त नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा म.प्र. एवं प्रबंध संचालक, ऊर्जा विकास निगम के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री एस. आर. मोहन्ती द्वारा विकअ-सदस्य सचिव, राज्य योजना आयोग एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग तथा नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा तथा विकअ-आयुक्त नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा म.प्र. एवं प्रबंध संचालक, ऊर्जा विकास निगम का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री मोहम्मद सुलेमान उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री एस. आर. मोहन्ती को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हे अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री एस. आर. मोहन्ती अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-5-832-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री अश्विनी कुमार राय, आयएएस, प्रमुख सचिव "कार्मिक" मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग को दिनांक 10 से 18 दिसम्बर 2013 तक नो दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री अश्विनी कुमार राय को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न प्रमुख सचिव "कार्मिक" मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री अश्विनी कुमार राय को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अश्विनी कुमार राय अवकाश पर नही जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 12 दिसम्बर 2013

क्र. ई.-5-462-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री ए. पी. श्रीवास्तव, आयएएस, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्यिक कर विभाग को दिनांक 12 से 13 दिसम्बर 2013 तक दो दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री ए. पी. श्रीवास्तव की अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री अजय नाथ, भाप्रसे, अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री ए. पी. श्रीवास्तव को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्यिक कर विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री ए. पी. श्रीवास्तव द्वारा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्यिक कर विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री अजय नाथ उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री ए. पी. श्रीवास्तव को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री ए. पी. श्रीवास्तव अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-5-560-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री मोहम्मद सुलेमान, आयएएस, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, ऊर्जा विभाग को दिनांक 20 से 24 दिसम्बर 2013 तक पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री मोहम्मद सुलेमान की अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री मनीष रस्तोगी, भाप्रसे, सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री मोहम्मद सुलेमान को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन, ऊर्जा विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री मोहम्मद सुलेमान द्वारा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, ऊर्जा विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री मनीष रस्तोगी उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री मोहम्मद सुलेमान को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री मोहम्मद सुलेमान अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-5-570-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री अजीत केसरी, भाप्रसे, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग को दिनांक 26 दिसम्बर 2013 से 4 जनवरी 2014 तक दस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 25 दिसम्बर 2013 एवं 5 जनवरी 2014 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) श्री अजित केसरी की अवकाश अवधि में उनका प्रभार डॉ. राजेश राजौरा, भाप्रसे, प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, जैव विविधता एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री अजित केसरी को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री अजित केसरी द्वारा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर डॉ. राजेश राजौरा, उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री अजित केसरी को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अजित केसरी अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-5-607-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री के. सी. गुप्ता, आयएएस, कमिश्नर, उज्जैन संभाग को दिनांक 30 दिसम्बर 2013 से 04 जनवरी 2014 तक छः दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 05 जनवरी 2014 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) श्री के. सी. गुप्ता की अवकाश अवधि में श्री बी. एम. शर्मा, भाप्रसे, कलेक्टर, उज्जैन को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक कमिश्नर, उज्जैन संभाग का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री के. सी. गुप्ता को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न कमिश्नर, उज्जैन संभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री के. सी. गुप्ता द्वारा कमिश्नर, उज्जैन संभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री बी. एम. शर्मा, कमिश्नर, उज्जैन संभाग के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री के. सी. गुप्ता को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री के. सी. गुप्ता अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-5-689-आयएएस-लीव-5-एक .—(1) श्री उमाकांत उमराव, आयएएस, आयुक्त, अनुसूचित जनजाति कल्याण तथा आयुक्त-सह-संचालक, आदिम जाति क्षेत्रीय विकास योजनाएं, म. प्र. को दिनांक 30 दिसम्बर 2013 से 4 जनवरी 2014 तक छः दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री उमाकांत उमराव की अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री विश्वमोहन उपाध्याय, भाप्रसे, आयुक्त, पिछड़ा वर्ग कल्याण को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री उमाकांत उमराव को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न आयुक्त, अनुसूचित जनजाति कल्याण तथा आयुक्त-सह-संचालक, आदिम जाति क्षेत्रीय विकास योजनाएं, म.प्र. के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री उमाकांत उमराव द्वारा आयुक्त, अनुसूचित जनजाति कल्याण तथा आयुक्त-सह-संचालक, आदिम जाति क्षेत्रीय विकास योजनाएं, म. प्र. का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री विश्वमोहन उपाध्याय उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री उमाकांत उमराव को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हे अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री उमाकांत उमराव अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-5-736-आयएएस-लीव-5-एक .—(1) श्री अरूण कुमार भट्ट, आयएएस, प्रबंध संचालक, म.प्र. राज्य औद्योगिक विकास निगम तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश ट्रेड एण्ड इंवेस्टमेंट फेसिलिटेशन कार्पोरेशन लिमि. (ट्रायफेक) तथा आयुक्त, उद्योग मध्यप्रदेश को दिनांक 23 दिसम्बर 2013 से 31 दिसम्बर 2013 तक नौ दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री अरूण कुमार भट्ट को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम तथा प्रबंध संचालक, म.प्र. ट्रेड एण्ड इंवेस्टमेंट फेसिलिटेशन कार्पोशन लिमि. (ट्रायफेक) तथा आयुक्त, उद्योग, मध्यप्रदेश के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री अरूण कुमार भट्ट को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अरूण कुमार भट्ट अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-5-772-आयएएस-लीव-5-एक .—(1) श्री पी नरहरि, आयएएस, कलेक्टर, जिला ग्वालियर को दिनांक 24 दिसम्बर 2013 से 2 जनवरी 2014 तक दस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री पी नरहरि की अवकाश अवधि में श्रीमती सूफिया फारूकी, भाप्रसे मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत ग्वालियर को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक कलेक्टर, जिला ग्वालियर का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री पी नरहरि को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न कलेक्टर, जिला ग्वालियर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री पी नरहरि द्वारा कलेक्टर, जिला ग्वालियर का कार्यभार ग्रहण करने पर श्रीमती सूफिया फारूकी, कलेक्टर जिला ग्वालियर के प्रभार से मुक्त होंगी.

(5) अवकाशकाल में श्री पी नरहरि, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री पी नरहरि अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-5-787-आयएएस-लीव-5-एक .—(1) श्रीमती राजकुमारी खन्ना, आयएएस., उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग को दिनांक 24 जून 2013 से 2 नवम्बर 2013 तक एक सौ बत्तीस दिन का लघुकृत अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 3 एवं 4 नवम्बर 2013 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाशकाल में श्रीमती राजकुमारी खन्ना को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(3) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती राजकुमारी खन्ना अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करती रहतीं.

क्र. ई.-5-874-आयएएस-लीव-5-एक .—(1) श्रीमती प्रीति मैथिल, आयएएस, अपर कलेक्टर, गुना को दिनांक 16 से 20 दिसम्बर 2013 तक पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता था. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 14, 15 दिसम्बर 2013 एवं 21, 22 दिसम्बर 2013 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्रीमती प्रीति मैथिल को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न अपर कलेक्टर, गुना के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्रीमती प्रीति मैथिल को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती प्रीति मैथिल अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

क्र. ई.-5-876-आयएएस-लीव-5-एक .—(1) श्री तेजस्वी एस नायक, आयएएस, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, अनूपपुर को दिनांक 23 दिसम्बर 2013 से 4 जनवरी 2014 तक तेरह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 21, 22 दिसम्बर 2013 एवं 5 जनवरी 2014 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री तेजस्वी एस नायक को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, अनूपपुर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री तेजस्वी एस नायक को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री तेजस्वी एस नायक अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 13 दिसम्बर 2013

क्र. ई.-5-702-आयएएस-लीव-5-एक .—(1) श्री प्रदीप खरे, आयएएस, कमिश्नर, रीवा संभाग को दिनांक 23 दिसम्बर 2013 से 2 जनवरी 2014 तक ग्यारह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 21 एवं 22 दिसम्बर 2013 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री प्रदीप खरे की अवकाश अवधि में श्री डी. पी. अहिरवार, भाप्रसे, कमिश्नर, शहडोल संभाग, को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक कमिश्नर, रीवा का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री प्रदीप खरे को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न कमिश्नर, रीवा के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री प्रदीप खरे द्वारा कमिश्नर, रीवा का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री डी. पी. अहिरवार, कमिश्नर, रीवा के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री प्रदीप खरे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री प्रदीप खरे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-5-794-आयएएस-लीव-5-एक .—(1) श्री रघुराज एम. आर., आयएएस, कलेक्टर, जिला दतिया को दिनांक 16 से 20 दिसम्बर 2013 तक पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 14, 15 एवं 21, 22 दिसम्बर 2013 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री रघुराज एम. आर. की अवकाश अवधि में श्री संदीप कुमार माकिन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, दतिया को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक, कलेक्टर, जिला दतिया का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री रघुराज एम. आर. को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न कलेक्टर, जिला दतिया के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री रघुराज एम. आर. द्वारा क्लेक्टर, जिला दतिया का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री संदीप कुमार माकिन, कलेक्टर, जिला दतिया के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री रघुराज एम. आर. को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री रघुराज एम. आर. अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 17 दिसम्बर 2013

क्र. ई.-5-768-आयएएस-लीव-5-एक .—(1) श्री संदीप यादव, आयएएस, कलेक्टर, जिला गुना को दिनांक 23 से 28 दिसम्बर 2013 तक छः दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 21, 22 एवं 29 दिसम्बर 2013 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री संदीप यादव की अवकाश अवधि में श्री शेखर वर्मा, भाप्रसे, अपर कलेक्टर (विकास) एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, गुना को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक, कलेक्टर, जिला गुना का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री संदीप यादव को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न कलेक्टर, जिला गुना के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री संदीप यादव द्वारा क्लेक्टर, जिला गुना का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री शेखर वर्मा, कलेक्टर, जिला गुना के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री संदीप यादव को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री संदीप यादव अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-5-938-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री मधुकर अग्नेय, आयएएस, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, शिवपुरी को दिनांक 23 से 31 दिसम्बर 2013 तक नौ दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 21 एवं 22 दिसम्बर 2013 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री मधुकर अग्नेय को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक, स्थानापन्न मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, शिवपुरी के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री मधुकर अग्नेय को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है यदि श्री मधुकर अग्नेय अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 18 दिसम्बर 2013

क्र. ई.-5-393-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री प्रसन्न कुमार दाश, आयएएस, अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्य उद्योग एवं रोजगार विभाग को दिनांक 23 से 31 दिसम्बर 2013 तक नौ दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है उक्त अवकाश के साथ दिनांक 21 एवं 22 दिसम्बर 2013 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) श्री प्रसन्न कुमार दाश की अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री देवराज बिरदी, भाप्रसे, अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षा मण्डल तथा अध्यक्ष, व्यवसायिक परीक्षा मण्डल, भोपाल को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री प्रसन्न कुमार दाश को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्य उद्योग एवं रोजगार विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री प्रसन्न कुमार दाश द्वारा अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्य उद्योग एवं रोजगार विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री देवराज बिरदी, भाप्रसे उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री प्रसन्न कुमार दाश को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री प्रसन्न कुमार दाश अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-5-558-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री विनोद कुमार, आयएएस, सचिव, मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग, भोपाल को दिनांक 23 दिसम्बर 2013 से 1 जनवरी 2014 तक दस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 21 एवं 22 दिसम्बर 2013 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री विनोद कुमार को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक, स्थानापन्न सचिव, मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाश काल में श्री विनोद कुमार को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है यदि श्री विनोद कुमार अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-5-564-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती वीरा राणा, आयएएस, आयुक्त-सह-संचालक, हाथकरघा एवं प्रबंध संचालक, हस्त शिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम, भोपाल को दिनांक 26 दिसम्बर 2013 से 4 जनवरी 2014 तक दस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 25 दिसम्बर 2013 एवं 5 जनवरी 2014 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्रीमती वीरा राणा को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न आयुक्त-सह-संचालक, हाथकरघा, एवं प्रबंध संचालक, हस्त शिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्रीमती वीरा राणा को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है यदि श्रीमती वीरा राणा अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करती रहतीं.

क्र. ई.-5-684-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री अमित राठौर, आयएएस, आयुक्त, वाणिज्यिक कर, इन्दौर को दिनांक 30 दिसम्बर 2013 से 4 जनवरी 2014 तक छः दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 29 दिसम्बर 2013 एवं 5 जनवरी 2014 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री अमित राठौर की अवकाश अवधि में श्री राजेश बहुगुणा, भाप्रसे, अपर आयुक्त, वाणिज्यिक कर, इन्दौर को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक आयुक्त, वाणिज्यिक कर, इन्दौर का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री अमित राठौर को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न आयुक्त, वाणिज्यक कर, इन्दौर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री अमित राठौर द्वारा आयुक्त, वाणिज्यिक कर, इन्दौर का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री राजेश बुहगुणा आयुक्त, वाणिज्यिक कर, इन्दौर के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाश काल में श्री अमित राठौर को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हे अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अमित राठौर अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-5-720-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री गुलशन बामरा, आयएएस, आयुक्त-सह-संचालक, नगर एवं ग्राम निवेश, मध्यप्रदेश एवं सचिव, मुख्यमंत्री को दिनांक 27 से 28 दिसम्बर 2013 तक दो दिन का अर्जित अवकश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 29 दिसम्बर 2013 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री गुलशन बामरा को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न आयुक्त-सह-संचालक, नगर एवं ग्राम निवेश, मध्यप्रदेश एवं सचिव, मुख्यमंत्री के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता हैं.

(3) अवकाशकाल में श्री गुलशन बामरा को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है यदि श्री गुलशन बामरा अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-5-836-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री एम. के. अग्रवाल, आयएएस, कलेक्टर, जिला देवास को दिनांक 30 दिसम्बर 2013 से 4 जनवरी 2014 तक छः दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ 29 दिसम्बर 2013 एवं 5 जनवरी 2014 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री एम. के. अग्रवाल की अवकाश अवधि में श्री प्रबल सिपाहा, राप्रसे अपर जिला दण्डाधिकारी, देवास को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक कलेक्टर, जिला देवास का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री एम. के. अग्रवाल को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न कलेक्टर, जिला देवास के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री एम. के. अग्रवाल द्वारा कलेक्टर, जिला देवास का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री प्रबल सिपाहा कलेक्टर, जिला देवास के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाश काल में श्री एम. के. अग्रवाल को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हे अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री एम. के. अग्रवाल अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-5-844-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री अशोक कुमार सिंह, आयएएस, कलेक्टर, जिला कटनी को इस विभाग के समसंख्यक आदेस् दिनांक 23 नवम्बर 2013 द्वारा दिनांक 16 से 20 दिसम्बर 2013 तक पांच दिन का अर्जित अवकाश दिनांक 14, 15 एवं 21, 22 दिसम्बर 2013 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति के साथ स्वीकृत किया गया था, एतद्द्वारा निरस्त करते हुए अब उन्हें दिनांक 23 से 28 दिसम्बर 2013 तक छः दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 22 एवं 29 दिसम्बर 2013 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री अशोक कुमार सिंह की अवकाश अवधि में श्री जेड. यू. शेख, राप्रसे अपर कलेक्टर विकास एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, कटनी को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक कलेक्टर, जिला कटनी का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री अशोक कुमार सिंह को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न कलेक्टर, जिला कटनी के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री अशोक कुमार सिंह द्वारा कलेक्टर, जिला कटनी का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री जेड. यू. शेख कलेक्टर, जिला कटनी के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाश काल में श्री अशोक कुमार सिंह को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अशोक कुमार सिंह अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-5-862-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री सिबी चक्रवर्ती एम., आयएएस, कलेक्टर, जिला भिण्ड को दिनांक 23 दिसम्बर 2013 से 6 जनवरी 2014 तक पन्द्रह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ 22 दिसम्बर 2013 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री सिबी चक्रवर्ती एम. की अवकाश अवधि में श्री पी. के. श्रीवास्तव, राप्रसे अपर कलेक्टर, भिण्ड को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक कलेक्टर, जिला भिण्ड का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री सिबी चक्रवर्ती एम. को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न कलेक्टर, जिला भिण्ड के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री सिबी चक्रवर्ती एम. द्वारा कलेक्टर, जिला भिण्ड का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री पी. के. श्रीवास्तव, कलेक्टर, जिला भिण्ड के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाश काल में श्री सिबी चक्रवर्ती एम. को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री सिबी चक्रवर्ती एम. अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-5-884-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती तन्वी सुन्द्रियाल बहुगुणा, आयएएस, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, छिन्दवाड़ा को दिनांक 23 दिसम्बर 2013 से 4 जनवरी 2014 तक तेरह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्रीमती तन्वी सुन्द्रियाल बहुगुणा की अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री रत्नाकर झा, राप्रसे अपर कलेक्टर, छिन्दवाड़ा को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्रीमती तन्वी सुन्द्रियाल बहुगुणा को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, छिंदवाड़ा के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्रीमती तन्वी सुन्द्रियाल बहुगुणा द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, छिंदवाड़ा का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री रत्नाकर झा उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाश काल में श्रीमती तन्वी सुन्द्रियाल बहुगुणा को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती तन्वी सुन्द्रियाल बहुगुणा अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करती रहतीं.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ॲन्टोनी जे. सी. डिसा, मुख्य सचिव.

गृह विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 27 दिसम्बर 2013

क्र. एफ-1(ए) 20-06-ब-2-दो.—(1) श्री आई. पी. कुलश्रेष्ठ, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण, पुलिस मुख्यालय, भोपाल को दिनांक 16 दिसम्बर 2013 से 4 जनवरी 2014 तक बीस दिवस अर्जित अवकाश दिनांक 14, 15 दिसम्बर 2013 एवं 5 जनवरी 2014 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री आई. पी. कुलश्रेष्ठ, भापुसे, के अवकाश अवधि में उनका कार्य श्रीमती विनिता मालवीय, रापुसे. सहायक पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण, पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा वर्तमान कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री आई. पी. कुलश्रेष्ठ, भापुसे, को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न उप पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण, पुलिस मुख्यालय, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री आई. पी. कुलश्रेष्ठ, भापुसे, द्वारा उप पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण, पुलिस मुख्यालय, भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका 2 में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री आई. पी. कुलश्रेष्ठ, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री आई. पी. कुलश्रेष्ठ, भापुसे, उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ-1(ए) 29-2013-ब-2-दो.—श्री इकबाल रियाज, भापुसे, सहायक पुलिस अधीक्षक, भोपाल को दिनांक 16 से 20 दिसम्बर 2013 तक पांच दिवस, पुलिस मुख्यालय द्वारा स्वीकृत आकस्मिक अवकाश अवधि में खण्ड वर्ष 2012-13 के अन्तर्गत सपरिवार गृहनगर कोलम (केरल) की अवकाश यात्रा सुविधा की अनुमति प्रदान की जाती है:—

1. श्री इकबाल रियाज — स्वयं
2. श्रीमती दिव्या मोहन — पत्नी

क्र. एफ-1(ए) 108-1986-ब-2-दो.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 12 दिसम्बर 2013 द्वारा श्री मैथिलीशरण गुप्त, भापुसे, अतिरिक्त महानिदेशक, रेल, मध्यप्रदेश, भोपाल को

दिनांक 16 दिसम्बर 2013 से 2 जनवरी 2014 तक अठारह दिवस अर्जित अवकाश दिनांक 14, 15 दिसम्बर 2013 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत करते हुए राज्य शासन द्वारा उन्हें गृहनगर यात्रा के बदले में भारत भ्रमण अवकाश यात्रा की पात्रता के तहत् खण्ड 2010-13 के द्वितीय ब्लाक वर्ष 2012-13 में सपरिवार पोर्टब्लेयर (अण्डमान निकोबार) की अवकाश यात्रा पर जाने की अनुमति प्रदान की गई है.

(2) राज्य शासन द्वारा उक्त अवकाश यात्रा की अनुमति के साथ श्री मैथिलीशरण गुप्त, भापुसे, अतिरिक्त महानिदेशक, रेल, मध्यप्रदेश, भोपाल को दस दिवस के अवकाश नगदीकरण/समर्पण की स्वीकृति प्रदान की जाती है. नगदीकृत दिवस इनके अर्जित अवकाश खाते से घटाये जायेंगे.

(3) पूर्व समसंख्यक आदेश की शेष कंडिकाएं यथावत रहेंगी.

क्र. एफ-1(ए) 120-93-ब-2-दो.—(1) श्री के. बाबूराव, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग, पुलिस मुख्यालय, भोपाल को दिनांक 16 से 23 नवम्बर 2013 तक कुल आठ दिवस अर्जित अवकाश दिनांक 24 एवं 25 नवम्बर 2013 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ उपभोग पश्चात् स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाशकाल में श्री के. बाबूराव, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(3) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री के. बाबूराव, भापुसे, उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. के. स्वाई, प्रमुख सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 27 दिसम्बर 2013

फा. क्र. 1-अ-3-03-इक्कीस-ब (दो).—राज्य शासन, इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 27 दिसम्बर 2012 द्वारा महाधिवक्ता कार्यालय, जबलपुर में नियुक्त श्री पुरूषेन्द्र कौरव, अतिरिक्त महाधिवक्ता, जबलपुर के कार्यकाल में दिनांक 27 दिसम्बर 2013 से 26 दिसम्बर 2014 तक एतद्द्वारा वृद्धि करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. डी. खान, प्रमुख सचिव.

भारत सरकार के आदेश और अधिसूचनाएं

खनिज साधन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

क्र. 7421-3637-2013-बारह-1 भोपाल, दिनांक 19 दिसम्बर 2013

भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

नई दिल्ली, तारीख 20 सितम्बर 2013

अधिसूचना

का. आ.—केन्द्रीय सरकार को यह प्रतीत होता है कि इससे उपाबद्ध अनुसूची में वर्णित भूमि में कोयला अभिप्राप्त किए जाने की संभावना है;

उक्त अनुसूची में वर्णित भूमि के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र के ब्यौरे रेखांक संख्यांक एसईसीएल.-बीएसपी-सीजीएम (पीएलजी)/भूमि-13-441, तारीख 10 अप्रैल 2013 का निरीक्षण कलक्टर, उमरिया (मध्यप्रदेश) के कार्यालय में या कोयला नियंत्रक, 1, काउंसिल हाऊस स्ट्रीट, कोलकाता 700001 के कार्यालय में या साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (राजस्व अनुभाग) सीपत रोड, बिलासपुर 495006 (छत्तीसगढ़) के कार्यालय में किया जा सकता है.

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन और विकास) अधिनियम, 1957 (1957 का 20) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) कि धारा 4 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अनुसूची में वर्णित भूमि से कोयले का पूर्वेक्षण करने के अपने आशय की सूचना देती है;

उपरोक्त अनुसूची में वर्णित भूमि में हितबद्ध कोई व्यक्ति, इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से नब्बे दिन की अवधि के भीतर भारसाधक अधिकारी या विभागाध्यक्ष (राजस्व), साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सीपत रोड, बिलासपुर 495006 (छत्तीसगढ़) से,—

(i) उक्त अधिसूचना की धारा 4 की उपधारा (3) के अधीन की गई किसी कार्रवाई से हुई या संभवतः होने वाली किसी क्षति के लिए अधिनियम की धारा 6 के अधीन प्रतिकर का दावा कर सकेगा; या

(ii) उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (1) के अधीन पूर्वेक्षण अनुज्ञप्तियों के प्रभावहीन होने के संबंध में या उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अधीन खनन पट्टे प्रभावहीन होने के लिए प्रतिकर का दावा कर सकेगा और उसे उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (1) के खण्ड (i) से (iv) में विनिर्दिष्ट मदों की बाबत् उपगत व्यय को उपदर्शित करने के लिए पूर्वोक्त भूमि से संबंधित सभी मानचित्रों, चार्टों और अन्य दस्तावेजों को परिदत्त कर सकेगा.

अनुसूची

मालाचुआ ब्लाक, सोहागपुर क्षेत्र,
जिला शहडोल, मध्यप्रदेश

[रेखांक संख्यांक एसईसीएल/बीएसपी/सीजीएम (पीएलजी)/भूमि/13/441, तारीख 10 अप्रैल 2013]

(क) **राजस्व भूमि :**

क्र. सं.	ग्राम का नाम	जनरल संख्या	पटवारी हल्का नम्बर	तहसील	जिला	क्षेत्र (हेक्टर में)	क्षेत्र (एकड़ में)	टिप्पणी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1	औढेरा	39	40	पाली	उमरिया	305.262	754.30	भाग
2	मालाचुआ	852	41	पाली	उमरिया	467.980	1156.38	भाग
3	ब्लाक पडरी	752	42	पाली	उमरिया	106.690	263.63	भाग

कुल : 879.932 हेक्टर (लगभग) या 2174.31 एकड़ (लगभग)

(ख) **वन भूमि :**

क्र. सं.	कम्पार्टमेंट संख्या	रेन्ज	संभाग	वन का प्रकार	ब्लाक	क्षेत्र (हेक्टर में)	क्षेत्र (एकड़ में)	टिप्पणी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1	223, 225, 229, 230, 232.	घुनघुटी	उमरिया	आरक्षित वन	सोहागपुर	186.070	459.78	भाग

कुल : 186.070 हेक्टर (लगभग) या 459.78 एकड़ (लगभग)

कुल योग (क+ख) : 879.932+186.070=1066.002 हेक्टर (लगभग) या 2174.31+459.78=2634.09 एकड़ (लगभग)

सीमा वर्णन :

क-ख रेखा ग्राम औढेरा के पश्चिमी सीमा में बिन्दु 'क' से आरंभ होती है और ग्राम औढेरा और मालाचुआ के उत्तरी भाग, आरक्षित वन कम्पार्टमेंट संख्या 223 तथा ग्राम ब्लाक पडरी के पश्चिमी भाग से गुजरती हुई बिन्दु 'ख' पर मिलती है.

ख-ग रेखा आरक्षित वन कम्पार्टमेंट संख्या 223, 225 ग्राम ब्लाक पडरी के पश्चिमी भाग, आरक्षित वन कम्पार्टमेंट संख्या 229 के पूर्वी भाग से गुजरती हुई बिन्दु 'ग' पर मिलती है.

ग-घ रेखा आरक्षित वन कम्पार्टमेंट संख्या 229 के दक्षिणी भाग, आरक्षित वन कम्पार्टमेंट संख्या 230 के मध्य भाग से गुजरती है और बिन्दु 'घ' पर मिलती है.

घ-क रेखा आरक्षित वन कम्पार्टमेंट संख्या 230, ग्राम औढेरा के पश्चिमी भाग और आरक्षित वन कम्पार्टमेंट संख्या 232 के दक्षिणी भाग से गुजरती हुई आरंभिक बिन्दु 'क' पर मिलती है.

(फा. सं. 43015/05/2013-पीआरआईडब्ल्यू- I)

हस्ता./-
(वी. एस. राणा)
अवर सचिव, भारत सरकार.

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF COAL

New Delhi, the 20th September, 2013

NOTIFICATION

S.O. .—WHEREAS it appears to the Central Government that Coal is likely to be obtained from the land in the locality described in the Schedule annexed hereto;

And whereas, the plan bearing number SECL / BSP / CGM (PLG)/ Land 13-441, dated the 10th April 2013 containing details of the area of land described in the said Schedule may be inspected at the Office of the Collector, District- Umaria (Madhya Pradesh) or at the Office of the Coal Controller, 1, Council House Street, Kolkata-700001 or at the Office of the South Eastern Coalfields Limited (Revenue Section), Seepat Road, Bilaspur-495006 (Chhattisgarth).

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 4 of the Coal Bearing Areas (Acquisition and Development) Act, 1957 (20 of 1957), (hereinafter referred to as the said Act), the Central Government hereby gives notice of its intention to prospect for Coal in land described in the aforesaid Schedule.

Any person interested in the land described in the above mentioned Schedule may—

(i) claim compensation under Section 6 of the said Act for any damage caused or likely to be caused by any action taken under sub-section (3) of Section 4 of the said Act; or

(ii) claim compensation under sub-secton (1) of section 13 of the said Act in respect of prospecting license ceasing to have effect or under sub-section (4) of Section 13 of the said Act for mining lease ceasing to have effect and deliver all maps, charts and other documents relating to the aforesaid land to show the expenditure incurred in respect of items specified in clauses (i) to (iv) of sub-section (1) of Section 13 of the said Act,

to the Officer-In-Charge or Head of the Department (Revenue), South Eastern Coalfields Limited, Seepat Road, Bilaspur-495006 (Chhattisgarh) within a period of ninety days from the date of publication of this notification.

SCHEDULE

Malachua Block, Johilla Area,
District-Umaria, Madhya Pradesh

[Plan bearing number SECL/ BSP/ CGM (PLG)/Land/ 13/441, dated the 10th April, 2013]

(A) **Revenue Land :**

Sl. No.	Name of Village	General number	Patwari Halka number	Tahsil	District	Area in heactares	Area in acres	Remark
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1	Awdhera	39	40	Pali	Umaria	305.262	754.30	Part
2	Malachua	852	41	Pali	Umaria	467.980	1156.38	Part
3	Block Padari	752	42	Pali	Umaria	106.690	263.63	Part

Total : 879.932 hectares (approximately) or 2174.31 acres (approximately)

(B) **Forest Land :**

Sl. No.	Compartment number	Range	Division	Type of Forest	Block	Area in heactares	Area in acres	Remark
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1	223, 225, 229, 230, 232.	Ghunghuti	Umaria	Reserve Forest	Sohagpur	186.070	459.78	Part

Total : 186.070 hectares (approximately) or 459.78 acres (approximately)

Grand Total (A+B) : 879.932+186.070=1066.002 hectares (approximately) or 2174.31+459.78=2634.09 acres (approximately)

Boundary Description :

A-B Line starts from point 'A' on the Western boundary of Villages Awdhera and passes through northern part of Village Awdhera, Malachua, Western part of Reserve Forest Compartment on 223, Village Block Padari and meets at point 'B'.

B-C Line passes through Western part of Reserve Forest Compartment no. 223, 225 Village Block Padari, Eastern part of Reserve Forest Compartment no. 229 and meets at point 'C'.

C-D Line passes through Southern part of Reserve Forest Compartment no 229, middle part of Reserve Forest Compartment no. 230 and meets at point 'D'.

D-A Line passes through Reserve Forest Compartment no. 230, Western part of Village Awdhera, Southern part of Reserve Forest Compartment no. 232 and meets at starting point 'A'.

(File No. 43015/05/2013-PRIW-I)

Sd/-
(V. S. RANA)
Under Secretary to the Government of India.

राज्य शासन के आदेश

गृह विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 17 दिसम्बर 2013

क्र. एफ-1(ए) 115-05-ब-2-दो.—(1) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक, विसबल, ग्वालियर रेंज, ग्वालियर को दिनांक 18 दिसम्बर 2013 से 1 जनवरी 2014 तक पन्द्रह दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, भापुसे, के अवकाश अवधि में उनका कार्य श्री कुमार सौरभ, भापुसे सेनानी, 14वी, वाहिनी, विसबल, ग्वालियर द्वारा वर्तमान कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, भापुसे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न उप पुलिस महानिरीक्षक, विसबल, ग्वालियर रेंज, ग्वालियर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, भापुसे, द्वारा उप पुलिस महानिरीक्षक, विसबल, ग्वालियर रेंज, ग्वालियर का कार्यभार ग्रहण करने पर कण्डिका-2 में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, भापुसे, को अवकाश, वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, भापुसे, उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 19 दिसम्बर 2013

क्र. एफ-1(ए) 272-86-ब-2-दो.—(1) श्री स्वर्ण सिंह, भापुसे, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, अजाक, पुलिस मुख्यालय भोपाल को दिनांक 19 से 31 दिसम्बर 2013 तक तेरह दिवस अर्जित अवकाश स्वीकृत करते हुये, राज्य शासन द्वारा उन्हें गृहनगर यात्रा के बदले में भारत भ्रमण अवकाश यात्रा की पात्रता के तहत खण्ड 2010-13 के द्वितीय ब्लाक वर्ष 2012-13 में परिवार के निम्नलिखित सदस्यों के साथ "केरल लक्ष्यद्वीप" की अवकाश यात्रा पर जाने की अनुमति प्रदान की जाती है:—

1. श्री स्वर्ण सिंह,	—	स्वयं
2. श्रीमती मंजीत सिंह	—	पत्नी
3. कोमल वरूण सिंह	—	पुत्री
4. अमन वरूण पाल सिंह	—	पुत्र

(2) उक्त यात्रा हेतु श्री स्वर्ण सिंह, भापुसे, को दस दिवस के अवकाश नगदीकरण/समर्पण की पात्रता होगी एवं नगदीकृत दिवस इनके अर्जित अवकाश खाते से घटाये जायेंगे.

(3) उक्त अवकाश अवधि में श्री स्वर्ण सिंह, भापुसे का कार्य श्री अरूण प्रताप सिंह, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, आर. एण्ड डी. एवं पुलिस मैन्यूअल भोपाल द्वारा अपने कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(4) अवकाश से लौटने पर श्री स्वर्ण सिंह, भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, अजाक, पुलिस मुख्यालय, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(5) श्री स्वर्ण सिंह, भापुसे द्वारा कार्यभार ग्रहण करने पर उक्त कण्डिका (3) में अतिरिक्त कार्यभार संपादित करने हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(6) अवकाशकाल में श्री स्वर्ण सिंह, भापुसे, को अवकाश, वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(7) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री स्वर्ण सिंह, भापुसे, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

आर. के. स्वाई, प्रमुख सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 23 दिसम्बर 2013

फा. क्र. 17(ई) 515-2008-इक्कीस-ब(दो).—विधिक सेवा प्राधिकरण संशोधन अधिनियम, 1994 (1994 का संख्यांक 59) द्वारा यथा संशोधित विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 का संख्यांक 39 की धारा 6 की उपधारा (2) के खण्ड (ग) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, मध्यप्रदेश, उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति के परामर्श से, श्री वीरेन्द्र सिंह, जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उज्जैन को उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से दो वर्ष की कालावधि के लिए मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पदेन सदस्य के रूप में नाम निर्दिष्ट करता है.

No. 17(E) 515-2008-XXI-B(II).—In exercise of the powers conferred by clause (c) of sub-section (2) of Section 6 of the Legal Services Authorities Act, 1987 (No. 39 of 1987) as amended by Legal Services Authorities (Amendment) Act, 1994 (No. 59 of 1994), the State Government in consultation with the Acting Chief Justice of Madhya Pradesh High Court, hereby nominate Shri Virendra Singh, District Judge & Chairman, District Legal Services Authority, Ujjain,

Ex-Offico Member of the Madhya Pradesh State Legal Services Authority for a period of two years with effect from the date assume charge.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. डी. खान, प्रमुख सचिव.

खनिज साधन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 24 दिसम्बर 2013

क्र.-19-3-2009-बारह-1.—खनि रियायत नियम, 1960 के नियम 59 के उपनियम (1) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, यह घोषित करती है कि 2458 वर्ग किलोमीटर के उस क्षेत्र का, जो इस विभाग के आदेश क्रमांक एफ. 19-3-2009-बारह-1, दिनांक 1 दिसम्बर 2009 द्वारा मेसर्स नाड प्रायवेट लिमिटेड को सर्वेक्षण अनुज्ञा-पत्र के अधीन लोह अयस्क, मेंग्नीज अयस्क, टाइटेनियम, वेनेडियम एवं निकल खनिजों की सर्वेक्षण संक्रियाओं के लिए स्वीकृत किया गया था, उक्त नियमों के नियम 7(1)(एक)(ख) के अनुसार त्याग कर दिया गया है. क्षेत्र के ब्यौरे निम्नानुसार हैं, अर्थात् :—

सारणी

बिन्दु (1)	अक्षांश (2)	देशांतर (3)
ए	24° 16' 00"	81° 35' 40"
बी	24° 30' 30"	82° 43' 45"
सी	24° 15' 30"	82° 45' 30"
डी	24° 17' 25"	82° 19' 25"
इ	24° 16' 00"	82° 19' 15"
एफ	24° 09' 30"	81° 57' 50"
जी	24° 09' 30"	81° 48' 20"
एच	24° 06' 40"	81° 48' 20"
आई	24° 02' 46"	81° 35' 40"

बी से सी राज्य सीमा

यह क्षेत्र मध्यप्रदेश राजपत्र में, इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 दिन पश्चात् 90 दिन तक सर्वेक्षण अनुज्ञा की पुनः स्वीकृति हेतु उपलब्ध रहेगा. उपरोक्त क्षेत्र का रेखांक, इस अधिसूचना के प्रकाशन के पश्चात् किसी भी कार्य दिवस को संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म, "खनिज भवन" 29-ए, अरेरा हिल्स, भोपाल मध्यप्रदेश में देखा जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. के. शर्मा, अपर सचिव.

भोपाल, दिनांक 24 दिसम्बर 2013

क्र. 19-3-2009-बारह-1.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना समक्रमांक दिनांक 24 दिसम्बर 2013 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. के. शर्मा, अपर सचिव.

Bhopal, the 24th December 2013

No. 19-3-2009-XII-1.—In the exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-rule (1) of rule 59 of the Mineral Concession Rule, 1960, the State Government, hereby, declare that an area of 2458 Sq. Km. which was sanctioned *vide* this Department's order F 19-3-2009-XII-1, dated 1st December 2009 to M/s NAD Private Limited for the reconniassance operations of Iron ore, Manganese ore, Titanium, Vanadium and Nickel minerals under reconnaissance permit the said area of reconnaissance permit is relinquished in accordance with rule 7(1)(i)(b) of the said rules. Details of the said areas given in the table below, namely :—

TABLE

Pts (1)	Latitude (2)	Longitude (3)
A	24° 16' 00"	81° 35' 40"
B	24° 30' 30"	82° 43' 45"
C	24° 15' 30"	82° 45' 30"
D	24° 17' 25"	82° 19' 25"
E	24° 16' 00"	82° 19' 15"
F	24° 09' 30"	81° 57' 50"
G	24° 09' 30"	81° 48' 20"
H	24° 06' 40"	81° 48' 20"
I	24° 02' 46"	81° 35' 40"

B to C State Boundary

This area shall be available for regrant of reconnaissance permit after 30 days from the date of publication of this notification in the Madhya Pradesh Gazette upto 90 days. The Plan of the aforesaid area can be seen in the Directorate of Geology and Mining, Khanij Bhawan, 29-A, Area Hills, Bhopal, Madhya Pradesh, on any working day after publication of this notification.

By order and in the name of the Governor
of Madhya Pradesh,
R. K. SHARMA, Addl. Secy.

विभाग प्रमुखों के आदेश

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग
''निर्वाचन भवन''
58, अरेरा हिल्स, भोपाल, (मध्यप्रदेश)—462011

आदेश

भोपाल, दिनांक 19 दिसम्बर 2013

क्र. एफ. 67-85-10-तीन-1417.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून, 1997 में प्रकाशित हुआ है, उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर, 2009 में सम्पन्न हुए **नगरपालिका परिषद् खाचरोद, जिला उज्जैन** के आम निर्वाचन में **श्री रशीद मोहम्मद शेख कुरान मोहम्मद शेख** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. इस नगरपालिका के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 17 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32 ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 16 एवं 17 जनवरी 2010 को शासकीय अवकाश होने से दिनांक 18 जनवरी 2010 तक, **श्री रशीद मोहम्मद शेख कुरान मोहम्मद शेख** को निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी उज्जैन के पास दाखिल करना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उज्जैन के पत्र दिनांक 21 जनवरी 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री रशीद मोहम्मद शेख कुरान मोहम्मद शेख** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का अपूर्ण लेखा ''**देयक/व्हाउचर्स अप्राप्त**'' दाखिल किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का अपूर्ण लेखा प्रस्तुत करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर, आयोग द्वारा **श्री रशीद मोहम्मद शेख कुरान मोहम्मद शेख** को जिला स्तर पर व्यय लेखा पूर्ण किये जाने हेतु कलेक्टर उज्जैन को दिनांक 18 फरवरी 2010 को पत्र जारी किया गया, जिसके जवाब में उप जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन दिनांक 23 अगस्त 2012 में प्रतिवेदित किया गया है कि **श्री रशीद मोहम्मद शेख कुरान मोहम्मद शेख** द्वारा प्रतिवेदन दिनांक तक व्यय लेखे में त्रुटि सुधार नहीं किया गया है और न ही कार्यालय में किसी प्रकार का सम्पर्क किया गया है. उप जिला निर्वाचन अधिकारी उज्जैन से उक्त जानकारी प्राप्त होने के उपरान्त, आयोग द्वारा अभ्यर्थी **श्री रशीद मोहम्मद शेख कुरान मोहम्मद शेख** को कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 1 अक्टूबर 2012 को जारी किया गया. कारण बताओ नोटिस में **श्री रशीद मोहम्मद शेख कुरान मोहम्मद शेख** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के पन्द्रह दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि पन्द्रह दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

